



पाक्षिक
# टेक्सटाइल वर्ल्ड
गणतंत्र दिवस
Postal Registration No : BHILWARA/208/2024-2026 Posting on 24-01-2025 at Rail Mail Service, Bhilwara
वर्ष-27 | अंक-15 | भीलवाड़ा/ 22 जनवरी, 2025 | कुल पृष्ठ- 28 | मूल्य : 25 रुपए

































# गारमेंट में खुदरा बिक्री फिर शुरू

## फैंसी वैरायटी में कारोबार बढ़ने का अनुमान

**मुम्बई/ रमाशंकर पाण्डेय**

गारमेंट में धीमी पड़ी खुदरा ग्राहकी फिर से शुरू हो गई है। रिटेल में सभी किस्म की वैरायटी में कारोबार होने लगा है, परंतु थोक स्तर पर स्थिति कमजोर बनी हुई है। जेंट्स, लेड़ीज और चिल्ड्रन वियर की मांग सीजन के पहले दौर में धारणा से कम रहीं है। जींस, शर्ट, फैंसी कुर्ता-पायजामा, शेरवानी इत्यादि में थोक स्तर पर ग्राहकी अच्छी नहीं रहने से अब वैवाहिक सीजन के दूसरे दौर में इन सभी सेगमेंट में धंधा अच्छा होने पर थोक कारोबारियों को राहत मिलेगी। जानकारों का कहना है कि बाजार में गारमेंट की सभी वैरायटी में भरपूर स्टॉक है। कारोबारियों को सीजन के इस दौर में कारोबार अच्छा होने की आशा है।

गारमेंट इकाइयों में उत्पादन स्प्रिंग समर सीजन को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। गारमेंटरों को समर सीजन के लिए अच्छी बुकिंग मिली है। रिपोर्ट है कि समर में मोडाल-टैंसिल जैसे नेचुरल फाइबर से बने कपड़ों के साथ विस्कोस आधारित कपड़ों का उपयोग गारमेंट बनाने में अधिक हो सकता है। सिंथेटिक कपड़ा आधारित गारमेंट की भी अच्छी सेम्पलिंग की गई है। इसमें नाइटी और पार्टी वियर के लिए अच्छी वैरायटी की साटीन के अधिक चलने की संभावना है। पीएलआई स्कीम के विस्तार में सभी फाइबर से बने गारमेंट को शामिल करने का प्रस्ताव था, जिसको फिलहाल स्थगित रखा गया है। कपड़ों के भाव बढ़ने की आशंका बनी हुई है।

देश में गारमेंट की खुदरा मांग बढ़ने के साथ निर्यात कारोबार सुधरने से गारमेंट इकाइयों में भरपूर कामकाज हो रहा है। अमेरिका एवं चीन के बीच व्यापार से वैश्विक गारमेंट ब्राण्ड्स और वैश्विक रिटेल चेनों की चाइना प्लस वन नीति का लाभ भारत के गारमेंट निर्यातकों को मिल रहा है। बांग्लादेश में राजनीतिक संकट और हिंसात्मक गतिविधियों के बढ़ने के बाद निर्यात मांग और सुधरी है। वैश्विक ब्राण्ड को सबसे अधिक गारमेंट की सप्लाई बांग्लादेश करता था।

शेषांश पृष्ठ 10 पर...












# वैवाहिक सीजन में प्रिंटेड एवं फैंसी की डिमाण्ड जबरदस्त

**ब्यावर/ अनिल डोसी**

अभी मार्केट में ग्राहकी धीमी गति से चल रही है। सर्दी के तेज तेवर के साथ शादी-विवाह की सीजन चल रही है। फैंसी सलवार सूट, फैंसी बेस, साड़िया, ड्रेस मटीरियल, शर्टिंग-सूटिंग, टेरी रूबिया, वूली प्लेन व प्रिंट माइक्रो एवं इण्डो चूंदडी, राजपूती ड्रेसेज, प्लेन कॉटन ओरना, प्रिंटेड इत्यादि बीकानेर व कुचेरा के आ रहे हैं। शर्टिंग चैक्स व प्रिंटेड का चलन ज्यादा ही है। वैसे सिंथेटिक्स ग्रे मार्केट में तेजी बनी हुई है।




# पावरलूम व्यवसाय की समस्या का हल निकालने के लिए बैठक का आयोजन

**कोल्हापुर/ राहुल खाड़े**

पावरलूम व्यवसाय कई समस्याओं का सामना कर रहा है। इसी समस्या का हल निकालने और मंदी का माहौल खत्म करने के लिए पूरे राज्य के पावरलूम प्रतिनिधि, लोकप्रतिनिधि ने अपनी अध्यक्षता में जल्द से जल्द बैठक का आयोजन करने की मांग पावरलूम जागृति संगठन की ओर से वस्त्रोद्योग मंत्री श्री संजय सावकारे की ओर से की गई। पावरलूम व्यवसाय की समस्याओं का हल निकालकर सुचारू रूप से चलाने के लिए पावरलूम जागृति संगठन के प्रतिनिधियों ने वस्त्रोद्योग मंत्री श्री सावकारे के साथ बैठक में चर्चा की। साथ ही इचलकरंजी को भेंट देकर पावरलूम व्यवसाय के हालात जान ले, ऐसी विनती भी इस समय की गई। पावरलूम जागृति संगठन के अध्यक्ष श्री विनय महाजन की अध्यक्षता में इस समय शिष्ट मंडल में उपाध्यक्ष श्री सूरज दुबे, उद्यमी श्री भरत जैन आदि शामिल थे।




# मीलों में कपड़े की दिसावर से मांग बढ़ी

**माधवनगर/ सत्यनारायण पलोड़...** विगत दिनों दिसावर से कपड़े की आगामी सीजन को देखते हुए व्यापारियों ने अपने-अपने ऑर्डर मीलों को देना शुरू कर दिया है। मीलों मे खरीदी के ऑफर आने लग गये हैं। दिसावर में कॉटन कपड़ों की अच्छी मांग है। आगे कपड़े में बढ़िया ग्राहकी चलने की उम्मीद है। कई राज्यों में बारीश व ठंडी हवा चलने से गर्म कपड़ों की अचानक मांग बढ़ गई है। बारिश व शीत लहर की वजह से व्यापारियों को काफी फायदा हुआ है। इस बार व्यापारियों ने बहुत ही नियोजनात्मक तरीके से पेमेंट निकाला है। अभी सभी का पेमेंट समय पर मिल रहा है। नये खरीददारी के ऑर्डर आने लगे हैं।




# मलमास की समाप्ति के बाद शुरू हुआ वैवाहिक सीजन


**उदयपुर/ नवीन कोठारी**


दिसम्बर से मलमास की शुरुआत हुई, जो लगभग एक माह बाद 14 जनवरी से मांगलिक कार्यों की शुरुआत हो रही है। जानकारों के अनुसार इस बार सूर्य के उत्तरायण प्रवेश को अत्यन्त शुभ माना गया है, क्योंकि इस दिन से मलमास यानि खरमास से रूके हुए विवाह, गृह प्रवेश, यज्ञोपवित संस्कार जैसे मांगलिक व शुभ कार्य पुनः आरम्भ हो जाएगें। जनवरी माह के शेष बचे दिनों में ही करीब छः शादियों की तारीखों की वजह से स्थानीय वस्त्र बाजार में मलमास समाप्ति से पूर्व ही खरीददारी शुरू हो गई। दूल्हा-दुल्हन के परिधानों से लेकर लेनदेन के वस्त्रों की बाजार में डिमाण्ड बढ़ गई है। सर्दी की बात करें तो शीत लहर अभी जारी है, जिस वजह से ऊनी वस्त्रों की अच्छी बिक्री हो रही है। इस वर्ष शहर के बहुत से भागों में ऊनी वस्त्र-विक्रेताओं ने बाजार सजा रखे हैं, जहाँ सभी जगह आशानुरूप बिक्री से व्यापारी खुश हैं। जानकारों के अनुसार आगामी 10-15 दिनों बाद ऊनी वस्त्रों की बिक्री धीरे-धीरे कम हो जाएगी।

# पोपलीन और रूबिया की डिमाण्ड

**सतना/ बलराम शुक्ला**

पिछ्ले काफी समय से बालोतरा के माल की मांग नहीं थी, सिर्फ बाजार में रेटलिस्ट आ रही थी। स्थानीय मार्केट में गाउन प्रिंट, पोपलीन एवं रेडीमेड की मांग है। रोटो माइक्रो सिर्फ पूजापाठ तक ही सीमित रह गया है। बालोतरा की कुछ वैरायटी टेंट हाउस वाले ले रहे हैं। रिटेल में 100 रूपये से ज्यादा कोई कस्टमर देना नहीं चाहता है, वैसे बालोतरा में उत्पादक और ट्रेडर बहुत है और उत्पादन भी जोरों पर है, जहाँ 32 रूपये से 52 रूपये तक की रेंज है। इस समय मार्केट में पोपलीन की बुकिंग शुरू हो गई है। आगामी सीजन की तैयारी में व्यापारी लग गये हैं। वैसे रुबिया 2×2, टेरी रूबिया को लेकर बाजार में बहुत माल आ रहा है, लेकिन टेरी रूबिया और टू बाई टू बनाने वाली कुछ ही मिलें है।

















Follow us

textileworld.tw

Brand Promotion & Textile News










modella
Since 1965
We Weave Warmth!
CLASSIC
BLAZER
modella
Fashion
FINEST TWEED FABRICS
FOR TRADE ENQUIRY : Contact : 82640-40737 | Website : www.modella.in | Email: modella.wool@gmail.com


PICASSO
by BAIRD
Cotton
Picasso presents fine digital prints in
SUPER LUXURY COTTON
For Agent/Dealer/Franchise store enquiries, reach us at: Call: +91 9340605633 | Whatsapp: +91 9992514747 | Write to: helloburgoyne@bairdlinen.com
AVAILABLE AT ALL LEADING RETAIL OUTLETS | Follow us on /@bairdcottonofficial | /@bairdcotton_official | www.bairdcotton.com
Burgoyne & BAIRD Cotton are registered trademarks of WFB BAIRD & COMPANY (INDIA) PVT. LTD.
HOUSE OF BURGOYNE IRELAND

भरोसे की परम्परा

SGS SUITING • SHIRTING

# द्वारा ऑल इण्डिया एजेंट एवं डीलर्स मीट रही सफल



मुम्बई / टेक्सटाइल क्षेत्र में प्रतिष्ठित ब्राण्ड SGS द्वारा आगामी सीजन की तैयारियों पर जोर देते हुए 7 से 10 जनवरी 2025 को ऋषिकेश में एजेंट एवं डीलर्स मीट का भव्य आयोजन किया गया। कम्पनी के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री गणेशदास राठी ने बताया कि इस दौरान तमाम भारत की मण्डियों से पधारे एजेंट एवं डीलर्स ने आगामी सीजन पर जमकर चर्चा की तथा नये डवलपमेंट पर अपने विचार साझा किए। इस दौरान कम्पनी द्वारा आयोजित आगामी मेगा कॉन्फ्रेंस-2025 पर भी चर्चा की गई, जिसमें कम्पनी द्वारा जुलाई एवं अगस्त-2025 में कुलु-मनाली एवं बैंकॉक-पटाया में मेगा कॉन्फ्रेंस करने का प्रस्ताव पेश किया गया, जिसे बहुत जल्द अमल में लाकर योजना बनाई जाएगी।

## नये डवलपमेंट पर विचार

कम्पनी के डायरेक्टर श्री किशोर राठी ने बताया कि इस मीट के दौरान कम्पनी द्वारा मलमास की समाप्ति के बाद आगामी वैवाहिक सीजन एवं त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए नये डवलपमेंट पर व्यापारियों ने अपने विचार जाने। व्यापारियों ने अपने टेस्ट के हिसाब से अपने सुझाव प्रेषित किए एवं आगामी वैवाहिक सीजन पर अनेक नये डवलपमेंट, इनोवेटिव वीव के साथ प्रस्तुत करने पर प्लानिंग बनाई गई है।

**व्यापारियों से मिला अच्छा रिस्पॉन्स...** इस अवसर पर भारतभर से पधारे एजेंट एवं डीलर्स ने मिलकर कम्पनी की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि कम्पनी हर समय अच्छे उत्पाद हमें उपलब्ध कराती है तथा हर मेगा कॉन्फ्रेंस शानदार तरीके से आयोजित करती है, जो बेहद खुशी की बात है। कम्पनी हमेशा हमारे साथ खड़ी है एवं भरोसे की परम्परा का निर्वाह कर रही है।

## आगामी मेगा कॉन्फ्रेंस-2025 कुलु-मनाली एवं बैंकॉक-पटाया में















# ‘मोटी सेठानी’ फिल्म का प्रीमियर महाशिवरात्रि के शुभ दिवस 26 फरवरी 2025 को जयपुर में

## 27 फरवरी 2025 को पूरे भारत में रिलीज




**श्री दादी जी के परम भक्त कपड़ा व्यवसाय से जुड़े प्रतिष्ठित एजेंट राणा संजय तुलस्यान ने ‘मोटी सेठानी’ फिल्म का निर्माण किया है। इन्होंने श्री दादीजी के जीवन चरित्र को एक फिल्म के माध्यम से आमजन तक पहुँचाने का मैराथन प्रयास किया है। अब यह फिल्म बनकर तैयार हो चुकी है, जिसकी विधिवत रिलीज की घोषणा भी की जा चुकी है। इस संदर्भ में राणा संजय तुलस्यान ने कहा कि फिल्म 27 फरवरी को पूरे देश में रिलीज की जा रही है, अधिक से अधिक दर्शक इस फिल्म को देखकर श्री दादीजी का आशीर्वाद प्राप्त कर सकते हैं।**




जयपुर/ झुंझुनूवाली श्री दादीजी की जीवन गाथा पर पहली बार बड़े पर्दे की फिल्म बनी है, जो 26 फरवरी 2025 महाशिवरात्रि को जयपुर में प्रीमियर व 27 फरवरी 2025 से पूरे भारत मे रिलीज होने जा रही है।

श्री दादी जी, जिनकों नारायणी के नाम से जाना जाता है, तीन लोक और दसों दिशाओं में जिनकी अमर कहानी है। अपने भक्तों को सदा छप्पर फाड़कर देने वाली है श्री दादी ‘मोटी सेठानी’।

द्वापर में विराट की पुत्री, अभिमन्यु की पत्नी, श्री कृष्ण की भाणंज को गर्भवती होने के कारण श्री कृष्ण ने सती होने से रोक लिया था, जब अभिमन्यु महाभारत में वीरगति को प्राप्त हुए थे। श्री कृष्ण ने उत्तरा को वरदान दिया था कि कलयुग में उनकी यह इच्छा पूरी होगी और सतियों की सिरमौर होगी एवं कलयुग में मुझसे पहले तेरा नाम होगा। जगदम्बा जगत-जननी महालक्ष्मी महाशक्ति के नाम से पूजी जायेगी, वहीं उत्तरा कलयुग में नारायणी ‘मोटी सेठानी’ के नाम से जानी जाती है। झुंझुनूं में इनका बड़ा ही विशाल मंदिर है जो कि भारत का सबसे बड़ा मंदिर है और विश्वभर में 500 से भी ज्यादा मंदिर है। विदेशों में अमेरिका, लंदन, हांगकांग, बैंकॉक, काठमांडू, बर्मा, रंगून इत्यादि भी मंदिर हैं। इनकी जीवन गाथा पर श्री दादीजी के सेवक राणा संजय तुलस्यान भीलवाड़ा ने माँ की प्रेरणा से ‘मोटी सेठानी’ नाम की बड़े पर्दे की फिल्म बनाई है। फिल्म की पूरी सूटिंग झुंझुनूं के अलसीसर गाँव में की गई। 250 से भी ज्यादा लोग इस फिल्म से जुड़े जिसमें कलाकार, टेक्निकल टीम, सिंगर व अन्य ने 30 दिन में सूटिंग पूरी की है। **रासदा तनधन** के बैनर में बनी इस फिल्म के निर्माता डायरेक्टर राणा संजय तुलस्यान, राइटर रमन द्विवेदी, म्यूजिक डायरेक्टर सतीश देहरा है। फिल्म की पटकथा स्व. श्री रमाकांत जी द्वारा रचित **श्री नारायणी चरित मानस** पर आधारित है। झुंझुनूंवाली श्री दादीजी के विश्वभर में करोड़ों भक्त है, जिनका अटूट विश्वास है कि माँ सबकी झोलीयां भरती है और मन मांगता देती है। ‘मोटी सेठानी’ के चर्चे-पर्चे घर-घर, हर घर में प्रचलित है। श्री नारायणी का मंगल पाठ जो हर घर गाया जाता है वो मंगल पाठ अब सब बड़े पर्दे पर देख भी सकते हैं।

इस फिल्म की आय **श्री राणी सतीजी वर्ल्ड वाइड फाउंडेशन** द्वारा श्री दादी जी के बताए हुए जनहित कार्यों में लगाया जायेगा। ‘मोटी सेठानी’ फिल्म की पूरी जानकारी गूगल, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब इत्यादि पर देख सकते हैं।

# ब्राण्ड ABSOLUTO ने कोलकाता कॉन्फ्रेंस में स्प्रिंग समर 2025 कलेक्शन का अनावरण किया





कोलकाता/ 9 जनवरी 2025 को फैशनेबल मेंस वियर फैब्रिक्स की ग्लोबल अग्रणी ब्राण्ड ABSOLUTO ने कोलकाता के द ललित, ग्रेट इस्टर्न में एक भव्य बुकिंग कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया, जहाँ उसने स्प्रिंग समर 2025 के लिए अपनी नवीनतम विशेष इनोवेशन का अनावरण किया। इस आयोजन में ब्राण्ड के लक्जरी नए कलेक्शन को प्रदर्शित किया गया, जो आने वाले शादी और ईद सीजन के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए फैब्रिक्स पर केंद्रित था। वर्ष 2014 में स्थापित ABSOLUTO ने 11 वर्षों की प्रभावशाली विरासत के साथ मेंस वियर फैब्रिक्स में एक भरोसेमंद और गतिशील नाम के रूप में अपनी पहचान बनाई है।

**उत्कृष्टता का प्रदर्शन-** स्प्रिंग समर 2025 कलेक्शन ने लक्जरी फैब्रिक्स की बेजोड़ रेंज पेश की, जिसने कोलकाता के प्रमुख होलसेलर्स, रिटेलर्स, फैशन डिजाइनर्स और गारमेंट निर्माताओं को मंत्र-मुग्ध कर दिया। इस आयोजन स्थल में उत्साह का माहौल बना रहा, क्योंकि प्रतिभागियों ने ABSOLUTO की विविधता एवं भव्यता कलेक्शन का अनुभव किया। इन फैब्रिक्स को शादी और ईद सीजन के लिए शानदार रिस्पॉन्स मिला।

**भारतीय जड़ों के साथ वैश्विक दृष्टिकोण-** कम्पनी के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री कमल सेकसरिया ने वीडियों कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उनके समर्थन और भागीदारी के लिए दिल से धन्यवाद दिया। उन्होंने ABSOLUTO की बेजोड़ गुणवत्ता और शैली को बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा, ‘आपके निरंतर विश्वास और सहयोग हमारी सफलता की नींव हैं।’ वहीं मार्केटिंग के उपाध्यक्ष श्री रवींद्र तिवारी ने ब्राण्ड के दृष्टिकोण पर विस्तार से बात करते हुए कहा कि ABSOLUTO ने इटली, फ्रांस, तुर्की और भारत के स्टाइल कैपिटल्स में शानदार फैब्रिक्स डिजाइन करने में नवाचार के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हमारी उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता ने भारत, दुबई, कुवैत, दोहा, बहरीन और हांगकांग जैसे अंतरराष्ट्रीय मार्केट्स में हमारी वृद्धि को बढ़ावा दिया है।

**भव्य सफलता-** प्रतिभागी ABSOLUTO के विशाल और विशिष्ट कलेक्शन से अत्यंत प्रभावित हुए, जिसके परिणामस्वरूप शादी और ईद सीजन के लिए बहुत अच्छी बुकिंग भी कराई। यह आयोजन उद्योग के बीच सार्थक बातचीत का मंच बना और लक्जरी मेंस वियर फैबिक्स के निर्माण में ब्राण्ड ABSOLUTO की अग्रणी स्थिति को मजबूत किया।

**निष्कर्ष-** कोलकाता में ABSOLUTO की कॉन्फ्रेंस ने न केवल इसके नवाचारपूर्ण फैबिक्स को प्रदर्शित किया, बल्कि मेंस वियर फैब्रिक्स उद्योग में इसके अग्रणी स्थान को भी सुदृढ़ किया। शिल्पकला में गहरी जड़ों और वैश्विक उत्कृष्टता की दृष्टि के साथ ABSOLUTO शानदार मेंसवियर के भविष्य को आकार देना जारी रखे हुए हैं।









# LCAS-2025: Pioneering Discussions on Life Cycle Assessment in India’s Technical Textiles











**Mumbai/** The Life Cycle Assessment Summit (LCAS-2025), a two-day landmark event organized by SASMIRA, concluded successfully, initiating critical discussions on the adoption of Life Cycle Assessment (LCA) practices in India’s technical textiles sector. Held on January 9th and 10th, 2025, at SASMIRA, Worli, Mumbai, the summit was inaugurated by Shri Sanjay Savkare, Hon’ble Cabinet Minister of Textiles, Government of Maharashtra, who highlighted the vital role of sustainability and innovation in driving India’s infrastructure and textile industries forward.

**The event was graced by:**

Shri Rajeev Saxena, Joint Secretary, Ministry of Textiles, GoI,
Smt. Roop Rashi, Textile Commissioner, Ministry of Textiles, GoI
Smt. Anshu Sinha, IAS, Principal Secretary, Textiles, Government of Maharashtra
Shri Ashok Malhotra, Mission Director, National Technical Textiles Mission (NTTM), Ministry of Textiles, GoI

Organized under the National Technical Textiles Mission (NTTM), Ministry of Textiles, Government of India, and supported by the Department of Textiles, Government of Maharashtra, LCAS-2025 set the stage for advancing sustainability within the technical textiles ecosystem.

Key Highlights of LCAS-2025:

**Introduction of Groundbreaking Technologies:**

- Circular Weaving Technology for Seamless Tubular Geotextiles:

Developed by SASMIRA under NTTM in collaboration with Lohia Corp Ltd., this innovative technology addresses critical challenges in soil reinforcement and infrastructure development.

- Reusable Period Panty:

An innovative product by Eve Essential, a SASMIRA-supported start-up, offering sustainable solutions for menstrual hygiene.

Felicitation of Industry Leaders and Innovators:

Recognizing excellence and contributions in the field of technical textiles, honorees included:

**Industry Leaders:**

Shri Yogesh K. Kusumgar, Shri Raj Kumar Lohia, Shri Vayu R. Garware, Shri Mayoor C. Gandhi, Shri Sanjay Tibrewala Shri Anjani Prasad,

**Start-Up Excellence:**

Shri Manish Raval for transformative contributions to technical textiles.

**Research Excellence:**

Shri Sanjay Saini, Scientist D, SASMIRA was honored by Shri Sanjay Savkare for Excellence in Research & Innovation.

Focused Sessions & Industry Showcase:

The summit featured technical sessions on LCA frameworks, advanced manufacturing technologies, and sustainability in technical textiles. Esteemed organizations such as Ecoinvent, Sphera, Mitsubishi Chemicals, Grasim Industries, Saurer, Truetzschler, LMW, TEIJIN, LENZING Kenvue, Dow Chemicals, GSCS international, CIFT, delivered insightful presentations. An industry exhibition showcased cutting-edge technologies and sustainable solutions, engaging policymakers, researchers, and business leaders.

**Supporting Organizations:**


LCAS-2025 was supported by prominent organizations, including:
Maharashtra State Co-operative Textile Federation Ltd.
Institute of Chemical Technology (ICT)
Central Institute of Fisheries Technology (ICAR CIFT)
ECOINVENT


**Reliance Industries Ltd.**


**LCAS-2025: A Starting Point for LCA in India**

As Life Cycle Assessment (LCA) practices are still in their infancy in India, LCAS-2025 served as a vital platform to create awareness about its benefits, highlighting its role in meeting global sustainability standards and enhancing India’s competitiveness in the technical textiles industry.

This summit marks the beginning of an era where technical textiles in India align with global best practices, driving innovation, sustainability, and progress across the sector






# प्रदेश स्तर पर फेडरेशन द्वारा बालोतरा अरबन बैंक का सम्मान

**बालोतरा / लालचंद पुनीत**

सीजन में ऐसा बदलाव आया कि सभी कोई हत्तप्रभ हो गए। सर्दी का दबदबा बढ़ रहा है, ग्रे क्लॉथ के भाव थम गए हैं और कोई काम नहीं हो पा रहा है। उद्यमी जो अभी तक शेयर मार्केट पर आशाएं टिकाएं थे उनका जोश यकायक ठण्डा पड़ गया है। ग्राहकी का ग्राफ अब उतरता नजर आने लगा है, वैसे भी मकर संक्रांति तक का समय बीते वर्षों की भांति कभी कारगर नहीं रहा। जिसके पास पेंडिग ऑफर है वे माल चालान कर रहे हैं। नये ऑफरों के परिवर्तन से इस समय पोपलीन, नाइटी क्लॉथ, साड़ी फॉल, पेटीकोट, रूबिया, पौकेटिंग क्लॉथ आदि के भाव यथावत बने हुए हैं। विशिष्ठ साख संपन्न प्रतिष्ठानों के अपने-अपने भाव है और उनको बाजार के इस माहौल से भी विशेष फर्क पड़ता प्रतीत नहीं होता। नव वर्ष अभी नयी उम्मीद लिए आगे बढ़ रहा है। उद्यमी हिम्मत के साथ इस दुविधाजनक स्थिति में भी हौंसला बनाए हुए नये-नये कुछ प्रतिष्ठानों में अपनी मेहनत और क्षमता से जो गुणवत्ता हासिल की है, उसको देखकर व्यापारीजगत में पुराने कई नामचीन उत्पादक भी पीछे दिखाई देने लगे हैं। दिसावरी मण्डियों के व्यापारी इतने पारखु हो गए हैं कि वे माल की क्वालिटी समझने की बारीकि में पारंगत हो गए। मण्डियों में माल की खपत का अपना दायरा है कुछ में केवल भारी क्वालिटी का ही माल दिखता है, वहीं कुछ मण्डियों में सस्ते माल की दरकरार रहती है। पैकिंग के मामले में यहाँ के उत्पादकों ने जो प्रगति की है, वो काबिले तारीफ है। उद्यमियों ने बताया कि इस फिल्ड में वे आज भी प्रयासरत है कि पैकिंग व क्वालिटी को किस प्रकार अधिक से अधिक आकर्षक बनाया जावे। कई प्रतिष्ठानों ने अपने इसी विधा के बल पर कई मण्डियों में अपना आधिपत्य-सा जमा दिया है। फिलहाल, गरम माल की ग्राहकी संतुष्ठिपरक है, परंतु अन्य माल की लेवाली में दम नहीं है। बालोतरा-जसोल के कुछ प्रतिष्ठान नए उत्पाद बनाने में सफल हुए है, परंतु उनके पास हर समय ऑफर पेंडिंग रहते हैं। शर्टिंग-सूटिंग, बेबी सूट आदि कई उत्पादकों की साख अच्छी बनी हुई है, वहीं पेटीकोट उत्पादन में सभी उत्पादक लगे हुए हैं। इसी मांग में बढ़ोतरी के कारण कितनी मशीने तो लग चुकी है और कितनी लगनी बाकी है। अगर, सरकार इस क्षेत्र पर विशेष मेहरबान हो जाए तो यह क्षेत्र गारमेंट में वर्चस्व कायम कर देशभर में छा सकता है।






वस्त्र मंत्रालय
MINISTRY OF TEXTILES
सत्यमेव जयते

INSPIRED BY THE 5F VISION
FARM TO FIBRE TO FACTORY TO FASHION TO FOREIGN

Bharat TEX 2025
TEXTILES | FASHION | SUSTAINABILITY

India's largest
Global textile event
returns

MAIN EVENT

| 14th-17th FEB | Bharat Mandapam New Delhi | All textile products exhibited here |
|---|---|---|

CO-LOCATED EVENT

| 12th-15th FEB | India Expo Centre & Mart, Greater Noida | All textile accessories exhibited here |
|---|---|---|

| 5,000+ Exhibitors | 6,000+ Buyers | 1,20,000+ Visitors | 2,20,000+ Sq. Meters Area |
|---|---|---|---|

PLATINUM PARTNERS
ADITYA BIRLA GROUP
Reliance Industries Limited

GOLD PARTNERS
TRIDENTGROUP Being different is normal
Welspun LIVING

SILVER PARTNERS
Arvind FASHIONING POSSIBILITIES
SHAHI
Vardhman

Scan to know more
Register now!
www.bharat-tex.com

FASHION PARTNER
PDS Global | Collaborative | Digital | Ethical

SUSTAINABILITY PARTNER
gokaldas exports ltd.

Organised By
BHARAT TEX TRADE FEDERATION

Follow us on: /Bharat_tex /bharat_tex/ /bharattex2025 /showcase/bharattex/ /@BharatTex

# asharfi®
FABRICS

A Royal Product for Royal Class

## Manufacturer of unique combos in Industry

PEOPLES CHOICE
HELD AT VARIOUS CONFERENCES 2023-2024

SCAN FOR CATALOGUE



Combos / Safaris / Suit Lengths / Ethnics

Currently Working With Some Leading Wholesalers & Distributers Across India

## Asharfi Fabrics Pvt. Ltd.

**For Trade Enquiry**: - Call **-87088-98361, 92540-41864**

Website: www.asharfi.in | E-mail:customercare@asharfi.in | Panipat, Haryana ( 132103) Follow Us on :-

## सम्पादकीय....

# आध्यात्मिक चेतना के साथ अर्थव्यवस्था को बल देगा महाकुंभ

**प्रयागराज** में चल रहे महाकुंभ का केवल धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से ही विशेष महत्त्व नहीं है। यह अर्थव्यवस्था को भी एक नई उड़ान देने वाला है। इस महाकुंभ में विज्ञान, संस्कृति और आध्यात्म का अद्भुत संगम दिखाई दे रहा है। पारंपरिक परंपराओं के अस्तित्व से अनुकूलन करता महाकुंभ समय के साथ आधुनिकता की ओर बढ़ता दिख रहा है। यूनेस्को द्वारा वर्ष 2017 में कुंभ मेले को मानव जाति की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के रूप में मान्यता दिए जाने के बाद से यह आयोजन विश्व के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है। कुंभ उनके लिए सदैव शोध एवं जिज्ञासा का विषय रहता है कि कैसे बिना निमंत्रण के ही इतने अधिक लोग एक साथ, एक जगह एकत्रित हो जाते हैं?

महाकुंभ में डिजिटल तकनीक के साथ ही पर्यावरण संरक्षण पर भी जोर है। यहाँ करीब 500 पर्यावरण संरक्षण संस्थाएं गंगा और कुंभ की स्वच्छता और निर्मलता बनाए रखने के लिए 'हर घर से एक थैला, एक थाली' द्वारा हरित कुंभ में लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रही हैं। महाकुंभ में आधुनिक तकनीक का प्रयोग केवल भीड़ को सुचारू रूप से प्रबंधित करने और सुरक्षा आदि के लिए ही नहीं किया जा रहा है, बल्कि 11 भाषाओं में एआई संचालित चैटबाट कुंभ सहायक महाकुंभ की समस्त आवश्यक जानकारी भी उपलब्ध करा रहा है।

प्रयागराज की देश के विभिन्न हिस्सों से कनेक्टिवटी बढ़ाने के लिए ही भारतीय रेलवे द्वारा विशेष ट्रेनों की व्यवस्था संचालित की जा रही हैं। प्रयागराज में गंगा पर छह लेन का ब्रिज, चार लेन का रेलवे ओवर ब्रिज बनाया गया है। हल्दिया-वाराणसी जलमार्ग को प्रयागराज तक विस्तार दिया गया है। सरकार द्वारा महाकुंभ के लिए विभिन्न विकास योजनाओं पर व्यय के साथ बड़े-बड़े उद्योगपति भी अपनी-अपनी वस्तुओं की ब्राण्डिंग और मार्केटिंग के लिए करोड़ों रूपये से अधिक व्यय कर रहे हैं।


महाकुंभ की एक महत्त्वपूर्ण बात यह भी होगी कि डिजिटल लेनदेन पर बहुत अधिक जोर दिया जा रहा है। इस डिजिटल लेनदेन से गैर-संगठित क्षेत्र के लोगों की ऋण क्षमता बढ़ने से बैंकिग क्षेत्र की व्यवस्था भी मजबूत होगी। होटल, रेस्तरां, परिवहन सेवाएं और टूर प्रदाताओं के साथ-साथ क्षेत्रीय हस्तशिल्प, कला और व्यंजनों के लिए बाजार से जुड़े लाखों लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। इस आयोजन से स्ट्रीट वेंडर, शिल्पकार और दुकानदार आदि 45 दिनों में ही आठ महीने से अधिक की आय आसानी से अर्जित कर लेगें। महाकुंभ में अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के आगमन से भी राज्य और राष्ट्र की अर्थव्यवस्था, दोनों के राजस्व में वृद्धि होगी। महाकुंभ के लिए टूर आपरेटरों द्वारा अनेक प्रकार के आकर्षक टूर पैकेज की पेशकश की जा रही है।

प्रयागराज आने वाले तीर्थयात्री केवल महाकुंभ तक ही सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि आसपास के क्षेत्रों के धार्मिक स्थलों का भी भ्रमण करेगें। अयोध्या, वाराणसी, मथुरा और अन्य स्थलों पर घरेलू एवं विदेशी मेहमानों के आने से सरकार को लगभग 200 करोड़ से अधिक आय सृजित होने की संभावना है। कुंभ मेले का सर्वाधिक आकर्षण स्थानीय उत्पादों के स्टाल होते हैं। कुंभ एक ऐसा मंच प्रदान करता है, जिसके माध्यम से स्थानीय उत्पादों को अधिक से अधिक प्रोत्साहित कर वैश्विक स्तर पर आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बढ़ा जा सकता है। इसके लिए बड़े उद्योगों की प्रतिस्पर्धा से स्थानीय उद्योगों को संरक्षित किया जाना आवश्यक है।

महाकुंभ से देश की जीडीपी में 0.3 प्रतिशत की वृद्धि होने के साथ ही अन्य दूरगामी आर्थिक प्रभाव होंगे, जो उत्तरप्रदेश की आर्थिकी को एक ट्रिलियन डॉलर वाले लक्ष्य के और निकट लाएंगें। महाकुंभ में आर्थिक प्रभावों से अधिक सामाजिक और आध्यात्मिक चेतना का विकास होगा, जो हमें वसुधैव कुटुंबकम् की मूल भावना के और अधिक निकट लाएगा।

## कुछ नया, कुछ अलग •

# हमारे देश में सभी को मिलना चाहिए निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा का लाभ



श्री हरेश मेहता
प्रेसीडेन्ट-यश कॉटन कॉरपोरेशन
(प्रसिद्ध मार्केटिंग गुरू)

नमस्ते मित्रों,

भारत में मेडिकल क्षेत्र में पिछले एक दशक में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। खासकर ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच में तेजी से सुधार आया है। जिन बीमारियों का इलाज पहले भारत में संभव नहीं था, वह आज संभव हो पा रहा है। कई नए निजी और सरकारी अस्पताल बने हैं और पुराने अस्पतालों को अत्याधुनिक मशीनरी से लैस किया गया है। एंबुलेंस 108 की सुविधा आज गाँव-गाँव तक पहुँच चुकी है। एक फोन कॉल पर एंबुलेंस घर तक पहुँच जाती है। हालांकि, आज भी भारत की आबादी का एक बहुत बड़ा वर्ग ऐसा है, जिसे निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा का लाभ नसीब नहीं हो पाता। सरकारी स्वास्थ्य सेवा निःशुल्क है, लेकिन सुविधा और स्वच्छता के मामले में निजी अस्पतालों के मुकाबले बौनी साबित हो रही है।

मेरा मानना है कि भारत में सभी नागरिकों को स्वास्थ्य सेवा मुफ्त में मिलनी चाहिए, जैसे-सर्जरी, दवाएँ, मेडिकल टेस्ट और ऑपरेशन इतने महंगे हो चुके हैं कि सामान्य नागरिकों के लिए इन्हें अफोर्ड करना मुश्किल होता जा रहा है। हमारे देश में गरीब और मध्यम वर्ग के लोग इलाज के लिए भारी कर्ज लेने या अपनी जीवनभर की जमा पूँजी खर्च करने को मजबूर हो जाते हैं, जो कि बहुत ही दुःख की बात है। हम सभी के लिए स्वास्थ्य सेवा एक बुनियादी आवश्यकता है और भारत के हर नागरिक को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का अधिकार होना ही चाहिए, ताकि किसी भी व्यक्ति को इलाज के लिए आर्थिक संकट का सामना न करना पड़े। वैसे तो भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल है जो अपने नागरिकों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा प्रदान करते हैं, लेकिन हमारे देश में कागजी बातों और हकीकत में मिलों का अंतर होता है। सरकारी निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा सिर्फ सरकारी अस्पतालों में लागू होती है, जबकि निजी अस्पतालों में यह लागू नहीं होती। सरकारी अस्पतालों में अक्सर सुविधाओं का अभाव दिखता है। चिकित्सा उपकरण कई बार बहुत ही खराब और घटिया क्वालिटी के होते हैं और कभी-कभी वे इतने पुराने होते हैं कि इलाज में अक्सर रूकावट डालते हैं। सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों और नर्सों की कमी के कारण एक डॉक्टर को कई मरीजों को देखना पड़ता है। सरकारी OPD के बाहर लंबी कतारें होती हैं और डॉक्टर समय पर नहीं आते। इसके अलावा, सरकारी अस्पतालों में सबसे बड़ा मुद्दा स्वच्छता का होता है, क्योंकि सफाई कर्मचारी अपना काम ठीक से नहीं करते हैं। नतीजतन, फर्श और वार्ड में गंदगी दिखाई देती है। इन वजहों से एक आम आदमी निजी अस्पतालों का रूख करने को मजबूर हो जाता है।

मेरा मानना है कि भारत के हर राज्य में दो-तीन ऐसा निःशुल्क निजी अस्पताल होना चाहिए जिनमें सरकारी दखल कम हो और जो केवल समाज के सुखी संपन्न वर्ग द्वारा दिए गए दान की मदद से चलता हों। ऐसे अस्पतालों में समाज के गरीब और वंचित वर्ग के लिए तमाम सुविधाएँ उपलब्ध होनी चाहिए और जहाँ सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज संभव हो सकें। सरकारी दखल कम होने के कारण इन अस्पतालों का संचालन सुचारु रूप से हो सकेगा और कर्मचारियों की निगरानी भी बेहतर तरीके से की जा सकेगी। इसके लिए समाज के संपन्न वर्ग को स्वेच्छिक जिम्मेदारी उठानी होगी। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के लिए समाज के सुखी वर्ग को आगे आना चाहिए।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने एक बार कहा था 'स्वास्थ्य ही असली धन है, न की सोने और चाँदी के टुकड़े।' भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र में कुल सरकारी खर्च भारत की कुल GDP का लगभग 1.5 % से 2% है। जो की प्रति व्यक्ति कम GDP वाले अन्य देशों के मुकाबले काफी निराशाजनक है। उदाहरण के तौर पर वियतनाम अपनी GDP का करीब 14% स्वास्थ्य पर खर्च करता है और लैटिन अमरीकी देश निकारागुआ अपनी GDP का लगभग 24% स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च करता है। यूके, कनाड़ा, आस्ट्रेलिया, फ्रांस, जर्मनी, नॉर्वे, स्वीडन जैसे विकसित देशों में सभी नागरिकों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराई जाती है। इन देशों में भारत जैसे विकासशील देशों की तुलना में सरकारी स्वास्थ्य सेवाएँ सुविधाजनक और आसानी से उपलब्ध होती हैं।

भारत में कई निजी अस्पताल समाज के वंचित वर्ग के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा प्रदान करती है, जो बहुत ही सराहनीय कदम है। ऐसे निःशुल्क अस्पतालों की संख्या हमारे देश में और अधिक बढ़नी चाहिए, ताकि हर व्यक्ति को उचित स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। इसी उम्मीद के साथ, आज की बात को अल्पविराम देता हूँ। अलविदा।

Email: harresh.mehta@yashcotton.com | Mobile +91 82916-71111

## टेक्नीकल टेक्सटाइल :

# जीवन में कैसे उपयोग कर सकते हैं



श्री सुनील भटनागर
प्रोफेसर एवं टेक्सटाइल कन्सलटेन्ट

दोस्तों,

हमने जेम्स बॉन्ड की फिल्मों में स्मार्ट टेक्सटाइल को देखा था, जिसमें हमारे हीरो के गैजेट्स, कपड़े, कार, हथियार वातावरण के अनुसार अपने को ढालकर जेम्स बॉन्ड को सफल बना देते थे।

- क्या आपने अदृश्य होने की कल्पना की हैं?
- क्या कपड़ों का लाइट में रंग बदलना हो सकता है?
- क्या अपने कपड़ों से मोबाइल चार्ज और कम्प्यूटर का उपयोग कर सकते है?
- क्या कपड़े बॉडी का बीपी, हार्ट बीट बता सकते है?

आज इसी प्रकार के प्रयोग ऑटोमोबाइल में देखें जा सकते हैं, जैसे- पानी में कार का तैरना, अंधेरे में लाइट का जल जाना, चोर से बचने के लिए सायरन का बजना, किसी अवरोध के आने पर ब्रेक लगना इत्यादि।

मगर, यहाँ हम कपड़ों में उपरोक्त बातों के विषय में बताएगें।

स्मार्ट टेक्सटाइल की विशेषताएं निम्न प्रकार से है -

- वातावरण को भांपना।
- वातावरण को भांपकर प्रतिक्रिया देना।
- भांपना, प्रतिक्रिया देना और ढालना।
- कहाँ पर प्रयोग हो सकता है?

सेहत के लिए कपड़ें हमारे शरीर के ऊपर एक चमड़ी की तरह कार्य करते हैं। वह शरीर के अन्दर और बाहर/वातावरण के अनुसार पहनने वाले को इन्फोर्मेशन दे देते है और सोल्यूशन्स भी बताते हैं।

- **भावनाएं :** इनमें आदमी की भावनाओं के अनुसार कपड़ों के रंग में बदलाव आ जाता है और सामने वाले को उसकी भावनाओं को समझना आसान हो जाता है।
- **वातावरण :** वातावरण के अनुसार कपड़ों में बदलाव कर जीवन को सर्दी, गर्मी और गैसों से बचाया जाता है।
- **सैनिक सुरक्षा :** वातावरण के अनुसार कपड़ों के रंग में बदलाव और दुश्मन की आँखों से ओझल होना, सूरज की रोशनी से कपड़ों से बिजली उत्पन्न होना इत्यादि।
- **खिलाड़ियों :** यह कपड़े खिलाड़ियों के महत्त्वपूर्ण अंगों के कार्य की जानकारी उपलब्ध कराकर जीपीएस इत्यादि में महत्त्वपूर्ण कार्य करती है।

आज सुरक्षा, खेल, स्पेस सूट, मेडीकल और कार्य क्षेत्र में आने वाले समय में इनकी मांग बढ़ेगी और हमें इस क्षेत्र में कार्य करने होंगे।

# झाँसी थोक वस्त्र व्यापार मण्डल द्वारा शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन



झाँसी/ स्थानीय थोक वस्त्र व्यापार मंडल व युवा झाँसी थोक वस्त्र व्यापार मंडल का शपथ ग्रहण समारोह होटल ग्रांड तुलसी झाँसी में माननीय विधायक श्री रवि शर्मा, शिक्षक विधायक श्री बाबूलाल जी तिवारी और सदस्य विधान परिषद श्री रामतीर्थ सिंघल द्वारा मंडल के संरक्षक सर्वश्री ओमप्रकाश सेठ, ओमप्रकाश मर, रामप्रकाश नाछोला, राजेन्द्र पटवारी 'राजू', राजेन्द्र पहारिया, धीरेंद्र यादव, रामप्रकाश पटवारी व उदय अग्रवाल के सान्निध्य में किया गया। नव निर्वाचित अध्यक्ष श्री अशोक सिंघल, महामंत्री श्री संजय सेठ, कोषाध्यक्ष श्री पंकज अग्रवाल व मनोनीत सदस्य सर्वश्री महेंद्र मर, रवींद्र सिंघई, राजेन्द्र पटवारी 'पप्पू', वीरेंद्र जैन, सौरभ जैन, अमरनाथ दुबे, सुधीर सेठ, सुशील अग्रवाल, राजेश हेमलानी, महेंद्र अग्रवाल, लवलेश अग्रवाल, ताहिर खान, रामकुमार बरसैयां, विनीत अग्रवाल, पंकज अग्रवाल 'शीतला', संजय हयारण, पवन साहू, विनय जैन 'सोनू', ताहिर अंसारी, दीपेश अग्रवाल, राजीव निगोती, अलंकार जैन, संजय अग्रवाल, गौरव स्वामी, आलोक गुप्ता 'पिंटू', थानसिंह यादव, प्रिंस जैन को शपथ दिलाई गई। उसके बाद युवा झाँसी थोक व्यापार मंडल के सदस्य सर्वश्री सागर गुप्ता, प्रफुल्ल सिंघल, विशाल गुप्ता, चिराग अग्रवाल, अतिशय जैन, कार्तिक अग्रवाल, अमन गुप्ता, समर्थ पटवारी, शुभम अग्रवाल, विपुल अग्रवाल, विशाल जैन, राहुल अग्रवाल, अनुज गुप्ता, लवलेश सेठ, आशीष सेठ, प्रखर हेमलानी, पीयूष अग्रवाल, माँसू अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, प्राशु सरावगी, श्रेयांश अग्रवाल, अभिषेक बरसैयां, सचिन अग्रवाल, प्रांशु पटवारी, मयंक अग्रवाल व पंकज सेठ को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर संजय पटवारी, उमेश गुप्ता, जीतू सोनी, बृजबिहारी सोनी, मनमोहन गेड़ा, पुनीत अग्रवाल आदि अनेक व्यापारी उपस्थित रहें। मंडल द्वारा उनका माल्यार्पण और शॉल द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर माननीय विधायकों ने मंडल को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम आपके साथ हमेशा थे और आगे भी रहेंगे। साथ ही व्यापारी नेताओं ने भी अपने विचारव्यक्त किए और शुभकामनाएं प्रेषित की। युवा झाँसी थोक वस्त्र व्यापार मंडल के गठन पर सबने प्रसन्नता व्यक्त की। अध्यक्ष श्री अशोक सिंघल ने कहा कि वे अपने मंडल के हमेशा ऋणी रहेंगे और उन्होंने सभी साथियों का आभार व्यक्त किया, साथ ही कार्यक्रम का संचालन श्री संजय सेठ ने किया।

# यार्न महंगा होने से फिनिश कपड़ों के भाव बढ़ने का अनुमान

## समर सीजन, स्कूल यूनिफॉर्म की तैयारियों में कोई कोर कसर नहीं

**मुम्बई / रमाशंकर पाण्डेय**

कपड़ा बाजार में साधारण कामकाज के बाद 16 जनवरी के बाद सरगर्मी बढ़ने और इसी के साथ कपड़ों की नई वैरायटी में जोरदार ग्राहकी का इंतजार अब खत्म हो गया है। समर स्प्रिंग सीजन मकर संक्रांति के बाद शुरू होने की आशा है। इस बीच थोड़ी रूकावट 1 फरवरी को पेश होने वाले केंद्रीय बजट से हो सकती है अन्यथा बाजार में अब अच्छे कारोबार के लिए कोई अवरोध नहीं है, क्योंकि समर के साथ स्कूल यूनिफ ॉर्म, शादियों की ग्राहकी और रमजान की ग्राहकी कतारबद्ध है। निर्यात कारोबार सुधरने की आशा है। मौजूदा कपड़ा उद्योग एवं कारोबार को देखते हुए व्यापारियों का मानना है कि आगे कपड़ों में अच्छी मांग रहने की उम्मीद है। सीजनल मांग निकलते ही कपड़ा बाजार में रौनक बढ़ जाएगी। वर्ष 2025 में शादियों के मुहूर्त अधिक होने से सभी किस्म के कपड़ों में कारोबार अच्छा चलने की व्यापारियों को पूरी उम्मीद है। इस सीजन में जनवरी माह में 10, फरवरी में 14, मार्च में 5, अप्रैल में 9, मई में 15 और जून माह में विवाह के 5 मुहूर्त बताएं जा रहे हैं, लेकिन जुलाई से अक्टूबर तक कोई मुहूर्त नहीं है। उसके बाद नवम्बर में 14 और दिसम्बर में सिर्फ तीन मुहूर्त है। इस तरह से जून तक कपड़ों में वैवाहिक सीजन की जोरदार लेवाली रहेगी। इसी के साथ शुरू हो जाती है समर की ग्राहकी, जिसमें अपेक्षाकृत कॉटन के पतले कपड़ों में कारोबार अधिक होने लगता है। गर्मी का मौसम शुरू होते ही सर्दी के मोटे और ऊनी कपड़ों की मांग करीब-करीब सभी मण्डियों में बंद हो जाती है और फिर शुरू हो जाती है फैंसी के साथ कॉटन के पतले कपड़ों की मांग। चूंकि स्कूल यूनिफॉर्म और गर्मी के सूती कपड़ों की बाजार में ग्राहकी एक साथ शुरू हो जाती है, इसे ध्यान में रखते हुए व्यापारियों की तैयारियां जोरो पर है। गर्मी के समय सूती और वजन में हल्के कपड़ों की ओर ग्राहकों का झुकाव अधिक होने से इस तरह के कपड़ों की बुकिंग की जा रही है। प्रोसेस हाउसों में कारीगरों की कमी होने से कामकाज धीमा है। प्रिंटेड शर्टिंग में कामकाज बढ़ा है। यार्न महंगा होने से फि निश कपड़ों के भाव बढ़ने का अनुमान है। यार्न में तेजी का रूख बना हुआ है, लेकिन वीविंग इकाइयों में उत्पादन धीमा है। आंशिक सुधार है तथापि ग्रे कपड़ों के उत्पादन में जोर नहीं है। वीवर्स को ग्रे कपड़ों का भाव बढ़कर नहीं मिल रहा है, यहीं कारण है कि पावरलूम इकाइयों में पूरी क्षमता के साथ उत्पादन नहीं हो रहा है। दूसरा कारण है कि कुछ श्रमिकों की कमी उत्पादन में रोड़ा है। आर्थिक संकट का सामना करने वाले वीवर्स कपड़ों का उत्पादन बढ़ाकर अधिक बोझ नहीं करना चाहते हैं। भिवंडी में अभी-भी 40 प्रतिशत क्षमता पर उत्पादन हो रहा है। कारण है आधुनिक लूमों की कमी, जिससे शर्टिंग और यूनिफॉर्म कपड़ों के व्यापारी भिवंडी के बदले अन्य स्थानों से कपड़ा खरीदते हैं।

एक रिपोर्ट के अनुसार भिवंडी में टेक्नोलॉजी अपग्रेडेशन पर बहुत ध्यान नहीं दिया गया, जिससे भिवंडी में लूमों की संख्या घट रही है। भिवंडी में बनती कैम्ब्रिक का जो भाव मिलता है, उसकी तुलना में एक से दो रू अधिक भाव मालेगांव और इचलकरंजी में बनती कैम्ब्रिक का मिलता है। इचलकरंजी और मालेगांव में टेक्नोलॉजी अपग्रेडेशन अधिक होने से यहाँ कपड़ों की क्वालिटी में सुधार हो गया है। सूरत सिंथेटिक कपड़ों का, वहीं अहमदाबाद कॉटन कपड़ों का एक प्रमुख सेंटर बन गया है और हैदराबाद 100 प्रतिशत पॉलिएस्टर का सेंटर बना है। बैंगलोर में सिल्क का काम अधिक है, वहीं तिरूपुर और नोएडा निर्यात के नीट वियर के लिए जाने जाते हैं। कॉटन यार्न के साथ पीवी और पीसी महंगा हो रहा है। जैसे-जैसे यार्न महंगा हो रहा है, वैसे-वैसे उत्पादन की लागत कम करने के लिए पॉलिएस्टर और अन्य सस्ते सिंथेटिक फ ाइबर का उपयोग करने की प्रवृत्ति भी बढ़नी शुरू हो गई है। ऐसा कहा जा रहा है कि कॉटन यार्न और कॉटन पॉलिएस्टर यार्न के बीच प्रति किलो 100 रू का अंतर है। पॉलिएस्टर मिश्रित कॉटन यार्न की मिलावट से कपड़ों की लागत को तो कम किया जा सकता है, परंतु इसके उपयोग से कपड़ों के उत्पादन में डिफेक्ट आने की शिकायत बढ़ती है। विस्कोस यार्न का भाव प्रति किलो 15 से 20 रू तक बढ़ा है, जिससे कपड़ा प्रति मीटर तीन से पाँच रू ऊँचा बोला जा रहा है।

फि लहाल, समर सीजन और स्कूल यूनिफॉर्म की तैयारियां हर तरफ हो रही है। गर्मी शुरू होते ही बाजार में सफेद और हल्के वजन के सूती कपड़ों, मलमल एवं कैम्ब्रिक की अच्छी मांग निकलती है। पावरलूम इकाइयां और कपड़ा व्यापारियों का ध्यान अब सूती, लिनन इत्यादि का उपयोग कर अच्छी क्वालिटी के कपड़ों का उत्पादन करने और उसकी बुकिंग करने पर टिकी है। इसी के साथ स्कूल यूनिफॉर्म की तैयारी भी जोरों पर है। कारण कि कपड़ा बुक करने के बाद स्कूल यूनिफ ॉर्म तैयार करने में डेढ़ से दो माह का समय लग ही जाता है। यहीं कारण है कि स्कूल यूनिफ ॉर्म की तैयारियों में कहीं कोई कोर कसर नहीं रखा जा रहा है।

भारतीय रूपए के सामने डॉलर मजबूत होने से निर्यातकों की कमाई अच्छी हो गई है। इसलिए गारमेंट निर्यात में कारोबार बढ़ रहा है। इसका सीधा फायदा कपड़ा उत्पादन को मिल रहा है, परंतु चीन में बने कपड़ों का आयात भारत की अनेक मण्डियों में बड़े पैमाने पर हो रहा है। चीन का सिंथेटिक कपड़ा भारत की तुलना में सस्ता पड़ता है। कपड़ों की डिजाइन, क्वालिटी, नई प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करने में चीन सबसे आगे है। चीन को इस क्षेत्र में पीछे ढ़केलने के लिए भारतीय कपड़ा उद्योग को नई आधुनिक वीविंग और प्रोसेसिंग मशीनों को बढ़ाने और देश-दुनिया की जरूरतों के अनुसार कपड़ा उत्पादन करने की नीति अपनानी होगी।

## बजट 2025-26: टेक्सटाइल और गारमेंट सेक्टर को मिल सकती है प्रोत्साहनों की सौगात

# बांग्लादेश संकट के बाद देश से गारमेंट निर्यात बढ़ने की संभावना

**नई दिल्ली/राजेश शर्मा...** जानकारों का कहना है कि एक फरवरी को प्रस्तुत किए जाने वाले बजट 2025-26 में वित्त मंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण टेक्सटाइल और गारमेंट सेक्टर में उत्पादन व निर्यात को प्रोत्साहन देने के लिए अनेक सौगात दे सकती है, क्योंकि इस सेक्टर का देश की अर्थव्यवस्था में एक अलग ही महत्त्व है। जानकारों के अनुसार बांग्लादेश में संकट के बाद वहाँ से निर्यात प्रभावित होने वाले क्षेत्रों की मांग को पूरा करने के लिए भारतीय गारमेंट निर्यातकों को सरकार प्रोत्साहन दे सकती है। उल्लेखनीय है कि देश के टेक्सटाइल और गारमेंट निर्यात की अर्थव्यवस्था में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका है और कुल निर्यात वर्ष 2023-24 के दौरान इसका योगदान 8.21 प्रतिशत रहा था। प्राप्त सरकारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2023 के दौरान भारत न केवल विश्व में टेक्सटाइल और गारमेंट के निर्यात में छठा सबसे बड़ा निर्यातक देश बना अपितु कुल वैश्विक कारोबार में इसकी हिस्सेदारी 3.9 प्रतिशत रही। टेक्सटाइल सेक्टर देश में सबसे अधिक रोजगार देने वाला सेक्टर है और इससे लगभग लाखों लोग जीविकोपार्जन कर रहे हैं, यहीं कारण है कि वित्त मंत्री टेक्सटाइल और गारमेंट सेक्टर के लिए पैकेज की घोषणा भी कर सकती हैं। अनुमान है कि वित्त मंत्री बजट में इस सेक्टर आवंटन में 10-15 प्रतिशत तक की वृद्धि कर सकती है। चालू वित्त वर्ष के लिए आवंटन 4,417 करोड़ रूपए है। इसके साथ ही सरकार पीएलआई स्कीम में भी बजट राशि में वृद्धि कर सकती है। चालू वर्ष के लिए पीएलआई स्कीम में 450 मिलियन रूपए का आवंटन किया हुआ है। उल्लेखनीय है कि पीएलआई स्कीम उद्योगों में लोकप्रिय हो रही है और नया निवेश आ रहा तथा आधुनिकीकरण को प्रोत्साहन मिल रहा है। जानकारों का कहना है कि उत्पादन लागत कम करने और घरेलू आइटमों को विश्व में प्रतिस्पर्धक बनाने के लिए सरकार कच्चे माल फाइबर और मशीनरी इत्यादि पर आयात ड्यूटी कम कर सकती है।

उल्लेखनीय है कि इस समय पॉलिएस्टर, विस्कोज फाइबर, मशीनरी आदि पर आयात ड्यूटी 11 प्रतिशत से 27 प्रतिशत है, जबकि बांग्लादेश में इनका आयात शुल्क मुक्त है, इससे भारत की तुलना में वहाँ के निर्यातक कम भाव पर निर्यात कर सकते हैं। जानकारों का कहना है कि बांग्लादेश में संकट के बाद वहाँ के अनेक आयातकों ने भारत से पूछ-परख आरंभ कर दी है और इससे निर्यात बढ़ने की संभावना बन रही है। सरकार इस अवसर का लाभ उठाने के लिए देश के टेक्सटाइल और गारमेंट सेक्टर को बजट में प्रोत्साहन दे सकती है। टेक्सटाइल और गारमेंट उद्योग ने सरकार से कॉटन का आयात ड्यूटी मुक्त करने के साथ ही तैयार पर आयात ड्यूटी में वृद्धि की मांग की है, ताकि घरेलू उद्योग के हितों की रक्षा हो और उत्पादन में भी वृद्धि हो। सरकार ने कच्चे माल के आयात पर ड्यूटी में कमी का अनुरोध किया है, ताकि उत्पादन लागत कम आए और वे पड़ौसी देशों के निर्यातकों के सामने प्रतिस्पर्धा में टिक सकें।

बढ़ता निर्यात- इसी बीच चालू वित्त वर्ष में आरंभ के महीनों को छोड़कर विषम परिस्थितियों के बावजूद देश से टेक्सटाइल और गारमेंट का निर्यात बढ़ रहा है। रशिया और यूक्रेन के बीच युद्ध, इजराइल-हमास संकट के साथ ही अन्य देशों में आपसी तनाव से आर्थिक मंदी की आशंका से टेक्सटाइल और गारमेंट का निर्यात प्रभावित हो रहा है। लाल सागर संकट के कारण लॉजिस्टिक की समस्या बढ़ने के साथ ही निर्यात लागत भी बढ़ रही है। उत्साहजनक - इसी बीच देश से टेक्सटाइल और गारमेंट निर्यात के आंकड़े उत्साहजनक बने हुए हैं और निर्यात लगातार बढ़ रहा है। दिसम्बर-2024 में देश से टेक्सटाइल्स का निर्यात 1,798.49 मिलियन डॉलर रहा, जो गत वर्ष की इसी अवधि के निर्यात 1,594.99 मिलियन डॉलर की तुलना में 12.76 प्रतिशत अधिक है। गारमेंट का निर्यात भी इसी अवधि में 12.89 प्रतिशत उछलकर 1,462.26 मिलियन डॉलर हो गया। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार दिसम्बर में टेक्सटाइल्स और गारमेंट का कुल निर्यात 12.82 प्रतिशत बढ़कर 3,260.075 मिलियन डॉलर हो गया। गत वर्ष दिसम्बर में निर्यात 2,890.26 मिलियन डॉलर का था। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-दिसम्बर के 9 महीनों के दौरान टेक्सटाइल्स का निर्यात गत वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 4.87 प्रतिशत बढ़कर 15,277.55 मिलियन डॉलर हो गया। गत वर्ष इसी अवधि में निर्यात 14,567.50 मिलियन डॉलर था। इसी प्रकार गारमेंट का निर्यात 11.58 प्रतिशत बढ़कर 11,316.09 मिलियन डॉलर हो गया। गत वर्ष इसी अवधि में 10,141.67 मिलियन डॉलर का निर्यात किया गया था। कुल मिलाकर चालू वित्त वर्ष के पहले 9 महीनों के दौरान टेक्सटाइल्स और गारमेंट का निर्यात गत वर्ष की इसी अवधि के निर्यात 24,709.17 मिलियन डॉलर से 7.63 प्रतिशत बढ़कर 26,593.64 मिलियन डॉलर हो गया। कुल निर्यात में टेक्सटाइल्स और गारमेंट सेक्टर का योगदान चालू वित्त वर्ष में बढ़कर 8.27 प्रतिशत हो गया, जबकि गत वर्ष योगदान 7.80 प्रतिशत ही था।

## उत्पादन लागत और ब्रिकी मूल्य पृष्ठ 28 का शेषांश

विस्कोस यार्न का भाव प्रति किलो 15 से 20 रू तक ऊपर चढ़ा है। पीओवाय दो रू. किलो तक सुधरा है। पीसी में वेफ्ट के भाव बढ़े हैं। रोटों यार्न में लंबे समय से कोई उतार-चढ़ाव नजर नहीं आया है, लेकिन कॉटन यार्न में मंदी जैसी स्थिति अब नहीं है। कॉटन यार्न में कारोबार एक-दो रूपये कम अथवा ज्यादा पर होता रहा है। कुल मिलाकर कॉटन यार्न की मांग में उछाल आने के लिए बाजार अधिक अनुकूल हो गया है, कारण कि आगे की सीजन में कैम्ब्रिक, मलमल और पीसी जैसी कपड़ों की वैरायटी में ग्राहकी अच्छी चलने के अनुमान से वीवर्स ने ऐसे कपड़ों का उत्पादन बढ़ाना शुरू कर दिया है। स्पिनिंग मिलों को कच्चा माल रूई उचित भाव पर उपलब्ध होने से यार्न उत्पादन बढ़ रहा है। स्पिनिंग उद्योग में कॉटन यार्न की उत्पादन लागत और बिक्री मूल्य को लेकर असमंजस की स्थिति हमेशा रही है। अब तक स्पिनिंग इकाइयों को कच्चे माल की कीमत अधिक चुकानी पड़ रही थी। बदले में बने कॉटन यार्न को ऊँचे भाव पर बाजार में बेचना स्पिनिंग मिलों के लिए संभव नहीं था और मिलों का मुनाफा मार्जिन पर दबाव बना रहता था। अब रूई का भाव घटकर काफी नीचे चला गया है तथा लंबे समय के बाद स्पिनिंग उद्योग मुनाफे की स्थिति में आ गया है। जानकारों का कहना है कि रूई और यार्न के बीच का अंतर कम होकर 10 रू किलो हो गया है। अतः स्पिनिंग इकाइयों की कार्यक्षमता सुधरी है और कॉटन यार्न का उत्पादन पूरी क्षमता से होने की जानकारी मिल रही है।

# सागर शोरूम की ओर से लक्की ड्रॉ सेरेमनी सम्पन्न

**सीकर/ राजकुमार शर्मा**



सागर शोरूम का लक्की ड्रॉ सेरेमनी का प्रोग्राम बद्री विहार में हुआ, जिसमें वर्ष 2024 में एक मुश्त 3 हजार रूपए की खरीद पर दिए गए कूपन का अतिथियों ने ड्रॉ निकाला। इस प्रोग्राम में प्रथम इनाम मारूति के-10 के विजेता मो. आरिफ को मिला, जो पिपराली रोड़ के रहने वाले हैं। द्वितीय इनाम टीवीएस मोटर साइकिल के विजेता ऋषिकेश रहे, जो मोरडूंगा के रहने वाले हैं, वहीं तृतीय इनाम एयर कंडीशनर के विजेता जितेन्द्र सिंह रहें। सभी ब्रांचों एवं फ्रेंचाइजी स्टोर को मिलाकर 383 इनाम ड्रॉ द्वारा निकाले गए। इस समारोह में श्री पशुपतिकुमार शर्मा, माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष श्री पन्नालाल सारड़ा, डॉ. एसएल सोनी, कपड़ा मार्केट के सेक्रेटरी श्री जुगलकिशोर अग्रवाल, श्री रमेश विदावतका, श्री महेश होलानी, श्री मुरलीधर, श्री योगेन्द्र शर्मा आदि मौजूद रहें। कार्यक्रम का संचालन श्री योगेन्द्र शर्मा ने किया। सागर शोरूम के श्री अनुराग बियाणी एवं श्री हर्ष बियाणी ने सागर ब्राण्ड्स एवं ब्रांचों के बारे में सभी को अवगत कराया।

## महाकुंभ में आध्यात्म, श्रद्धा, भक्ति, आस्था, संत समागम, स्नान दान और पुण्य के साथ-साथ उद्योगों की हुई दिवाली

# जमकर हो रहा कारोबार

**मुजफ्फरनगर/ अजय कुमार सिंघल**


धार्मिक आयोजन कैसे किसी प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बनते हैं, इसका साक्षात प्रमाण है-प्रयागराज महाकुंभ। लगभग 40 करोड़ श्रद्धालुओं के स्वागत को तैयार महाकुंभ में सभी 75 जिलों के कारीगरों से लेकर उद्यमी, टेंट, फर्नीचर, कपड़ा, भोजन, ट्रांसपोर्ट, होटल, रेलवे तक प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से जुड़े हैं। प्रयागराज में 45 दिनों में 35 देशों के बराबर आबादी आकर्षित करने वाला यह महा आयोजन उद्योगों के लिए दिवाली से कम नहीं है। अकेले 10 हजार करोड़ रूपये के ऑर्डर छोटे कारीगरों और छोटी इकाइयों के पास हैं। महाकुंभ में राज्य सरकार का 7,500 करोड़ रूपये का बजट है। इस खर्च से करीब 25 हजार करोड़ रूपये के राजस्व और दो लाख करोड़ रूपये के कारोबार का अनुमान है। महाकुंभ ने जूते-चप्पल सिलाई वाले कारीगरों से लेकर हेलीकॉप्टर चलाने वाली कम्पनी तक के लिए कमाई के रास्ते खोले हैं।

## गारमेंट में खुदरा बिक्री शुरू... पृष्ठ 1 का शेषांश

